JAMNALAL BAJAJ
FOUNDATION

# Mr. Mohammad Imran Khan Mewati

**Recipient**

**Application of Science and Technology for Rural Development Award 2019**

First of all, my heartfelt thanks to the Jamnalal Bajaj Foundation and the jury who selected me for this award. Not only you appreciated me for my small efforts, but you also selected me for this prize which is very important to me, and this is an occasion of great happiness for me.

About me, I am currently working as a teacher in the Education Department of the Government of Rajasthan. I have been a topper throughout my educational time, and my teachers always used to inspire me, saying that I will become a scientist someday. I am not the only person who has been chosen by teachers, society, and classmates to see big dreams. Mainly ordinary families, rather let’s say, mostly the children from economically weaker families have these kinds of things most of their lives. In my opinion, everyone should at least get equal opportunities for education. It is a great injustice that on one hand, there are students who get all the resources, good schools, good teachers, etc; while on the one hand, there are students with families for whom education is the lowest priority. Talent is the only accumulated capital of mankind, and it should never be allowed to go vain.

It was after becoming a teacher that I decided I would help in providing educational resources to such underprivileged students. And that's why and how I became an app developer from a teacher. I feel that to a large extent if education is ensured to all, it will bring a lot of difference in society. Education is the only medium through which every lagging family, society or section can be pushed in a forward direction. With quality education, many big issues, like negligence to health, un-cleanliness, and social evils will automatically come under control. Therefore, I created educational apps, so that students can get teaching material whenever and wherever they want.

You will be happy to know that currently, we have 80 mobile apps, most of which are designed for education. These apps have more than 2 crore users. 96% of the users are from India as most of the apps are made in Hindi, and 4% of the users are from about 50 other nations. You see, 4% of 2 crore is also 8 lacs, which is a huge number for a teacher like me.

My very first app was named “General Science”; and it had around 1.5 million installs on play store. This app has events of daily life that have been interpreted and explained according to Science; and this app has been liked very much amongst users. I have created another app named “Project Dishari”, which is useful for youths preparing for competitive exams. In this app, we have not only put question banks, but we have put information related to current affairs and employment also. A special feature of this app is an online test, which is held every day between 8:00 pm to 9:00 pm. A weekly time table has been prepared for these online tests. This app has about 5 lac users, and so far about 15 million tests have been given.

Recently, I created an app for the District Administration of Alwar by the name of “Yuva shakti”, whose purpose is to empower the youths of Alwar and make them participate in positive work for society. The app not only provides useful information to the youths but also provides an open forum on which they can discuss openly upon the urgent current issues and employment-related topics. The district administration monitors this app, and a youth mentor also provides correct guidance to the youths. Under

this campaign, 512 existing service canters of the district Gram Panchayat have been established as Shakti Kendras. Youths have started coming to these kendras in the evening where they read books from the mini library, play games like volleyball, badminton, carom and take guidance from peers or mentors. This way, we are trying to channelize the energy of the youth in the right direction and technology is proving to be a great help in this cause. On Gandhi Jayanti, we organized a quiz competition - "Know Gandhiji", on our Alwar Yuva Shakti app and thousands of youths participated in it. Toppers of this quiz were honoured by the district administration. This way, with the help of our app, they are working to spread the ideals of Gandhiji to the young generations.

Apart from this, I have also created apps like “Matritva Suraksha”, “Digital Mewat” and “Amazing Alwar”. I would like to mention that most of our apps have very good ranks in the play store. We built these apps with good intentions, and probably Google also provides better ranking in its search algorithm for the same.

I would also like to mention that my daughter helps a lot in all my work. She learned coding when she was in class 10th only. For my work, we make plans, code the app, prepare graphics and add regular content in the apps together, that's our routine.

There is a famous saying – “Where there is a will, there is a way.” I have not been a person of technology myself. I got a computer in 2009 for the very first time and started right from there. Certainly, initially I played a lot of games on the computer, but soon after, I thought why not use it in education also. That's why I learned computer languages. At first, I started creating websites and then I created apps. Now a lot of app developers come to me for my advice, big IT companies call me to speak at their seminars. Apart from IITs and universities, IAS Academy has also given me the opportunity to speak on their campus a lot of times. I have been awarded the “National Teacher Award” twice. My apps have also been mentioned by our honorable Prime Minister in his speech at the Wimbley Stadium during his visit to England.

On this occasion, I would like to give a message that the responsibility of all of us is not just to live for ourselves, but also to live for society. We all must think in the direction of changing ourselves from recipients to donors for the society.

**श्री मोहम्मद इमरान खान मेवाती**

**पुरस्कार प्राप्तकर्ता**

**ग्रामीण विकास हेतु विज्ञान और टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए पुरस्कार २०१९**

सबसे पहले जमनालाल बजाज फाउंडेशन और पुरस्कार के लिए चयन करने वाली ज्यूरी का तहेदिल से शुक्रिया। आपने हमारे छोटे-छोटे प्रयासों को ना केवल सराहा अपितु इस महत्वपूर्ण पुरस्कार के लिए चयन भी किया। यह हमारे लिए बेहद खुशी का अवसर है।

मैं वर्तमान में राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग में एक अध्यापक के रूप में कार्यरत हूं। हम अपने समय के टॉपर होते थे और हमारे गुरुजी सदैव हमें प्रेरित करते थे कहते थे कि तुम एक वैज्ञानिक बनोगे। मैं इकलौता ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जिसको बड़े सपने शिक्षकों ने, समाज ने और सहपाठियों ने दिखाए हो। साधारण परिवारों से बल्कि यूं कहें कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के साथ ज्यादातर यही होता। मुझे लगता है कम से कम पढ़ाई के अवसर तो सबको समान मिलने चाहिए। यह तो बड़ा अन्याय है कि एक तरफ ऐसे विद्यार्थी जिनको तमाम संसाधन मिलते हैं अच्छे स्कूल मिलते हैं अच्छे शिक्षक मिलते हैं और एक तरफ ऐसे विद्यार्थी  जिनके परिवारों के लिए शिक्षा प्राथमिकता के निम्नतम स्तर पर होती है। पर प्रतिभा तो मानव जाति की जमा पूँजी होती है उसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। शिक्षक बनने के बाद मैंने निर्णय लिया कि ऐसे विद्यार्थियों को शैक्षिक संसाधन उपलब्ध करने में मदद करूँगा। यही वह बात रही जिसने मुझे शिक्षक से एक एप डेवलपर बना दिया। मुझे लगता है कि शिक्षा की पहुँच सब तक सुनिश्चित हो जाये तो काफी हद तक बदलाव आ सकता है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके जरिए किसी परिवार, समाज या किसी तबके को जो पिछड़ रहा है उसे आगे बढ़ाया जा सकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अन्य मसले जैसे स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अस्वच्छता, सामाजिक बुराइयां स्वतः ही काबू में होने लगती हैं। इसलिए एजुकेशनल एप्स बनाये जिससे स्टूडेंट्स जब चाहे जहाँ चाहे शिक्षण सामग्री पा सकते हैं ।

आपको यह जानकर खुशी होगी कि फिलहाल हमारे 80 मोबाइल एप्स हैं जिनमें से ज्यादातर शिक्षा के लिए बनाए गए हैं। इन एप्स के 2 करोड़ से अधिक यूजर्स हैं। 96% यूजर्स भारत से हैं क्योंकि ज्यादातर एप हिंदी माध्यम में बनाए गए हैं और 4% यूजर्स लगभग 50 देशों से हैं लेकिन दो करोड़ का 4% भी लगभग 8 लाख होता है जो मेरे जैसे शिक्षक के लिए एक बड़ी संख्या है।

मेरा पहला एप जनरल साइंस नाम से था और इसके 15 लाख टोटल इंस्टॉल है इस एप में दैनिक जीवन में होने वाली घटनाओं की विज्ञान के अनुसार व्याख्या दी गई है और इसे बेहद पसंद किया जाता है। एक एप **प्रोजेक्ट दिशारी** नाम से बनाया है यह एप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए उपयोगी है। इसमें न केवल प्रश्न बैंक बल्कि करंट अफेयर्स और रोजगार से संबंधित अद्यतन जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है। इस एप का खास फीचर, नियमित रूप से शाम को 8:00 से 9:00 तक कराया जाने वाला ऑनलाइन टेस्ट है। ऑनलाइन टेस्ट का साप्ताहिक टाइम टेबल तैयार किया हुआ है। इस एप के लगभग 5 लाख यूजर्स है और अब तक लगभग 15 मिलियन टेस्ट्स दिए जा चुके हैं।

हाल ही में जिला प्रशासन अलवर के लिए **युवा शक्ति** एप बनाया है जिसका उद्देश्य अलवर के युवाओं को सशक्त करना और सकारात्मक कार्यों में भागीदार बनाना है। एप के माध्यम से ना केवल युवाओं के लिए उपयोगी जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं बल्कि ओपन फोरम पर एक खुला मंच भी प्रदान किया गया है जिस पर युवा तात्कालिक मुद्दों और रोजगार से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श कर सकते हैं। जिला प्रशासन उसकी मॉनिटरिंग करता है और एक युवा मार्गदर्शक मंडल युवाओं को सही मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इस अभियान के तहत जिले 512 ग्राम पंचायतों पर मौजूद सेवा केंद्रों को शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है इन केंद्रों पर शाम को युवा आने लगे हैं  और मिनी लाइब्रेरी से पुस्तकें पढ़ने और साथियों के साथ वॉलीबॉल, बैडमिंटन, केरम आदि खेलने, मार्गदर्शन लेने जैसे कार्य करते हैं। इस प्रकार हम युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में चैनेलाइज करने का प्रयास कर रहे हैं और तकनीक इस कार्य में बड़ी मददगार साबित हो रही है।

गांधी जयंती के अवसर पर हमने अलवर युवा शक्ति एप पर "गांधीजी को जाने" क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया और हजारों की संख्या में युवाओं ने उस में भाग लिया। टॉपर्स को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस प्रकार एप के माध्यम से गांधी जी के आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

इसके अलावा **मातृत्व सुरक्षा, डिजिटल मेवात**, **अमेजिंग अलवर एप** भी बनाए हैं। मैं बताना चाहूँगा हमारे ज्यादातर एप्स प्ले स्टोर पर अच्छी रैंक प्राप्त करते हैं। हमने ये एप नेक नियति से बनाये हैं और संभवतः गूगल नेक नियति के लिए भी सर्च अल्गोरिथम में बेहतर रैंकिंग प्रदान करता है ।

मैं जिक्र करना चाहूँगा इस काम में मेरी बेटी बहुत सहायता करती है वह तब से कोडिंग सीख चुकी है जब 10वीं क्लास में पढ़ती थी। हम प्लान बनाते हैं, एप की कोडिंग करते है, ग्राफिक्स तैयार करते है और नियमित कंटेंट डालते हैं बस यही दिनचर्या है।

एक कहावत भी है जहां चाह वहां राह। मैं स्वयं टेक्नोलॉजी का व्यक्ति नहीं रहा हूं । 2009 में पहली बार कंप्यूटर मिला और वहां से शुरुआत हुई। निश्चित रूप से शुरुआती दौर में हमने बहुत गेम खेलें, उसके बाद मुझे लगा कि क्यों ना इसका प्रयोग शिक्षा में किया जाए। इसलिए कंप्यूटर की भाषाएं सीखी। पहले वेबसाइट और फिर एप्स बनाने लगे। अब तो काफी एप डेवलपर्स हम से सलाह लेते हैं, मिलने आते हैं, आई टी की बड़ी-बड़ी कंपनियां हमें अपने यहां स्पीच देने के लिए बुलाती हैं। आईआईटीज, यूनिवर्सिटीज, के अलावा आईएएस अकैडमी में भी कई बार स्पीच देने का मौका मिला है। मुझे २ बार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । हमारे एप्स का जिक्र स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा इंग्लैंड यात्रा के दौरान विम्ब्ले स्टेडियम के स्पीच में किये गया।

इस अवसर पर यह संदेश देना चाहूंगा हम सबकी जिम्मेदारी सिर्फ स्वयं के लिए जीना नहीं अपितु समाज के लिए जीना भी है। हम सभी को इस दिशा में जरूर सोचना चाहिए कि हम पाने वाले से देने वाले कैसे बने।